सिकल सेल के जड़ से उन्मूलन के लिए जनभागीदारी जरूरी : राज्यपाल

नवभारत न्यूज

बैतूल, 20 मई. सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवांशिक बीमारी को जागरूकता, समय पर जांच और व्यवस्थित उपचार के माध्यम से नियंत्रित एवं समाप्त किया जा सकता है।

बेटियों की शिक्षा, स्वथ्य जीवनशैली अपनाने का आव्हान

मिशन रानी अभियान का किया शुभारंभ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जानकारी के अभाव में यह बीमारी माता-पिता से बच्चों तक पहुंच जाती है, लेकिन समय रहते जांच कराने और स्वास्थ्य सावधानियां अपनाने से इसके प्रसार को रोका जा सकता है। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को भीमपुर में आयोजित राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग मंगल सिंह धुर्वे, आयुक्त नर्मदापुरम श्रीकांत बनोठ, पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, अध्यक्ष जनपद पंचायत भीमपुर भैयालाल इरपाचे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भीमपुर प्रेमलता कास्दे, सरपंच ग्रामपंचायत भीमपुर मानसिंह नर्रे तथा कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि

बैतूल जिले में सिकल सेल बीमारी के उन्मूलन के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। यह बीमारी विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में बच्चों, युवाओं और माताओं को प्रभावित करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और उसी दिशा में यह अभियान एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि भीमपुर में स्थापित नई जांच मशीन से अब क्षेत्र के लोगों की शीघ्र जांच हो सकेगी और समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि जिले में सिकल सेल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत अब तक 8 लाख 62 हजार 332 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिले में 1681 सिकल सेल डिजीज मरीज तथा 7162 सिकल सेल कैरियर मरीज चिन्हित किए गए हैं। इसके साथ ही 24 हजार 993 गर्भवती महिलाओं की भी सिकल सेल जांच की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक देश का कोई भी बच्चा सिकल सेल से प्रभावित न रहे। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही हैं तथा देशभर में 7 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के माध्यम से सिकल सेल उन्मूलन का आह्वान किया।

हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर उनसे संवाद किया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने लवकेश मोरसे निवासी खुर्दा ग्राम पंचायत बटकी तथा उषा ढिकारे निवासी ग्राम दामजीपुरा, तहसील भीमपुर को सिकल मित्र प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं रेखा उईके निवासी ग्राम बटकी को यूडीआईडी कार्ड तथा ऋषि झरबड़े निवासी बैतूल को जेनेटिक कार्ड वितरित किया गया। राज्यपाल ने डुलारिया निवासी टीबी मरीज दिव्या उईके को फूड बास्केट प्रदान कर बेहतर स्वास्थ्य और नियमित उपचार के लिए प्रेरित किया। महिला स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन देते हुए मां गंगा आजीविका स्वयं सहायता समूह, ग्राम भीमपुर की अध्यक्ष रूखमा नर्रे एवं सचिव श्रीमती सरिता नर्रे को 6 लाख रुपये की सीसीएल राशि का चेक वितरित किया गया।

मिशन रानी अभियान का किया शुभारंभ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम में बैतूल जिले में महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती माताओं में एनीमिया नियंत्रण के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए मिशन रानी अभियान का शुभारंभ किया। नोडल अधिकारी सिकलसेल उन्मूलन डॉ अंकिता सीते ने बताया कि मिशन रानी अर्थात एनीमिया तथा पोषण एवं गैर-पोषण संबंधी समस्याओं में समग्र कमी लाने का अभियान के माध्यम से एनीमिया के कारणों की पहचान कर समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान के अंतर्गत केवल आयरन की गोलियों के वितरण तक सीमित न रहकर, एनीमिया के अन्य कारणों जैसे विटामिन बी-12 की कमी, सिकल सेल रोग एवं थैलेसीमिया की जांच और उपचार भी सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया कि अभियान के तहत हीमोग्लोबिन जांच, संपूर्ण रक्त जांच, सीरम फेरिटिन, विटामिन बी-12 एवं विशेष रक्त परीक्षण किए जाएंगे। गंभीर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजा जाएगा।

एक नजर में

670 शिकायतों में से 314 का निराकरण

मुलताई। बिजली कंपनी संभाग मुलताई द्वारा उपभोक्ताओ की समस्याओ का मौके पर निराकरण करने शिविर लगाए जा रहे है। मंगलवार को मुलताई संभाग के सभी 10 वितरण केन्द्रो में संपर्क अभियान के तहत 10 शिविरो का आयोजन किया गया। मुलताई संभाग के उपमहाप्रबंधक हितेश वशिष्ठ ने बताया कि शिविर में कुल 670 शिकायते प्राप्त हुई थी, उनमे से 314 शिकायतो का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष शिकायते निर्धारित अवधि के अन्दर पूर्ण कर दी जायेंगी। श्री वशिष्ठ ने बताया मीटर बदलने की कुल 96 शिकायते प्राप्त हुई थी, उनमे से 96 के मीटर बदल दिये गये। गलत बिल मिलने की एक मात्र शिकायत रायआमला वितरण केन्द्र से मिली जिसका मौके पर निराकरण किया गया। नवीन कनेक्शन देने के लिये 19 नं. शिकायते प्राप्त हुई जिसे मौके पर ही प्रदान कर दिया गया, नाम परिवर्तन कि 73 शिकायते प्राप्त हुई जिनको मौके पर ही निराकृत कर दिया गया। भार परिवर्तन की 10 शिकायते प्राप्त हुई जिसे मौके पर तुरन्त सुधार कर दिया गया। 2 शिकायते विद्युत लाईन से संबंधित थी जिन्हे तुरंत सुधार किया गया। इस मौके पर 267 लोगो द्वारा बिल भी जमा किया गया। माह मई 2026 में आगामी 23 एवं 27 मई 2026 को पुन: सभी वितरण केन्द्रो के ग्रांमो में शिविर का आयोजन किया जाना है। श्री वशिष्ठ ने सभी उपभोक्ताओं से इन शिविरो का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

छात्रों ने कैम्ब्रिज परीक्षा में लहराया परचम

बैतूल। कैम्ब्रिज असेसमेंट इंटरनेशनल एजुकेशन (सीएआईई), यूनाइटेड किंगडम द्वारा आयोजित मार्च 2026 की कैम्ब्रिज लोअर सेकेंडरी एवं प्राइमरी चेकपॉइंट परीक्षा में सतपुड़ा वैली स्कूल, बैतूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कैम्ब्रिज लोअर सेकेंडरी चेकपॉइंट में तेजस गोठी ने तीनों विषयों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गणित में 43/50, इंग्लिश एज ए सेकंड लैंग्वेज में पूर्ण 50/50 तथा विज्ञान में 46/50 अंक प्राप्त किए। वंश राठौर ने गणित में 49/50 अंक हासिल कर सर्वोच्च प्रदर्शन किया।

राज्यपाल ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का किया निरीक्षण

बैतूल। भीमपुर में आयोजित राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन -2047 के अंतर्गत जांच जागरूकता और जन भागीदारी का महा अभियान कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, वन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 कार्यक्रम के

अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सीते ने जिले में सिकल सेल जागरूकता, उपचार एवं जनसेवा से जुड़ी विभिन्न अभिनव पहलों को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथियों एवं आमजन को सिकल सेल उन्मूलन अभियान के तहत किए जा रहे नवाचारों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में स्वदेशी मेलों के माध्यम से सिकल सेल जन जागरूकता अभियान, घर के नजदीक एचपीएलसी रिपोर्ट सुविधा, सिकल सेल रोगियों के लिए न्यूमोकोकल टीकाकरण अभियान, स्थानीय स्तर पर सुरक्षित रक्त उपलब्धता, यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से मरीज सहायता पहल तथा सिकल सेल मरीजों के लिए नियमित फॉलो-अप शिविर जैसी गतिविधियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही जिले में सिकल सेल मरीजों के उपचार, जांच एवं निरंतर मॉनिटरिंग के लिए किए जा रहे प्रयासों और जनभागीदारी आधारित गतिविधियों की जानकारी भी प्रदर्शनी के माध्यम से साझा की गई।

दसवां घाट पर श्रदालुओं के लिए की बैठक व्यवस्था

मुलताई। पवित्र नगरी मे ताप्ती सरोवर पर दसवा एवं अन्य कर्मकांड करने प्रतिदिन बडी संख्या मे श्रद्धालू मुलताई पहुंचते है। जहां पर कर्म कांड कर रहे श्रद्धालुओं के साथ कार्यक्रम मे पहुंचने वालों लोगो के लिए घाट पर बैठने की कोई व्यवस्था नही थी। ज्यादातर लोग घाट पर स्थित दुकानों की सीढ़ियों पर बैठते थे. जिन्हे व्यापारी हटा देते थे। इस संबंध मे नगरपालिका अध्यक्ष नीतू प्रहलाद सिंह परमार एवं पार्षदो को जानकारी मिलने पर अध्यक्ष श्रीमती परमार द्वारा दसवा घाट पर बेंच लगाने के निर्देश दिए थे, बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष

कि उपस्थिति मे दसवा घाट पर कर्मचारियों द्वारा लोहे की 8 बेंच लगाई गई है, जिससे अब लोगो को खड़ा नही रहना पड़ेगा। वहीं उन्होंने परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती परमार द्वारा बुधवार को ताप्ती परिक्रमा मार्ग रेलवे स्टेशन रोड पर उद्यान का निरीक्षण किया गया, इस दौरान उद्यान स्थित टूटी फूटी बेंच हटाकर नी बेंच लगाने, साफ सफाई करवाने,पुराने वाचनालय के शटर सुधरवाने एवं मां जन्मोत्सव के पूर्व घाटों सहित अन्य स्थलों पर पुताई करवाने के निर्देश दिए।

मुलताई पहुंचे रेलवे के जीएम, लोगों को मिलने नहीं दिया

मुलताई। नगर के रेलवेस्टेशन पर कई निर्माण कार्य चालू है,बुधवार को रेलवे स्टेशन पर रेलवे महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव निरीक्षण करने पहुंचे थे,जहां उनसे मिलने स्थानीय जागरूक नागरिक एवं पत्रकार भी पहुंचे लेकिन रेलवे पुलिस और आरपीएफ ने न केवल मीडिया कर्मियों को कवरेज करने से रोका, बल्कि अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे स्थानीय संगठनों को भी जीएम से मिलने नहीं दिया। इस दौरान स्टेशन पहुंचे पत्रकारों ने बताया आरपीएफ अधिकारियों ने उन्हें कवरेज करने से मना कर दिया और स्थानीय अनुमति लाने की बात कही। वहीं, नगर के सामाजिक संगठन और स्थानीय नागरिको भी नही मिलने दिया, जिससे स्थानीय लोग रेल संबंधी जन समस्याएं नही बता पाए। रेल प्रशासन के इस रवैए एवं व्यवहार को लेकर जागरूक नागरिकों मे रोष व्याप्त है।गौरतलब है मुलताई स्टेशन पर दो वर्षों से ओवरब्रिज और अन्य निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है।वहीं निर्माण कार्यों कि गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह लग रहे है।वहीं निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहे है। रेलवे प्रशासन एवं ठेकेदार पर उंगलियां ना उठे, इसलिए नागरिकों को जीएम से मिलने नही दिया।

एक ही लाइसेंस पर दो शराब दुकान का संचालन

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम दुनावा के शराब ठेकेदार द्वारा एक ही लाइसेंस पर दो शराब दूकान ग्राम मे संचालित की जा रही है, साथ ही ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से अहाता भी संचालित किया जा रहा है, लेकिन आबकारी अधिकारियो द्वारा ठेकेदार से मिलीभगत इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। बताया जाता है ग्राम दुनावा मे ठेकेदार द्वारा इस वर्ष शराब दूकान संचालित करने का ठेका लिया गया है। ग्राम दुनावा मे पूर्व से संचालित शराब दूकान स्थल पर ही ठेकेदार द्वारा शराब बेचीं जा रही है, वहीं नए स्थल से भी शराब बेचीं जा रही है। देखने मे आया है कि छिंदवाडा नेशनल हाइवे किनारे

ठेकेदार द्वारा दूकान खोलकर नियम विरुद्ध तरीके से शराब बेचीं जा रही है,शराब दूकान संचालन के संबंध मे जानकारी रखने वाले लोगो का मानना है कि कोई भी शराब दूकान हाइवे से करीब 220 मीटर दूर अंदर की ओर स्थित होनी चाहिए है। लेकिन शराब ठेकेदार द्वारा आबकारी अधिकारियो से मिली भगत कर दुनावा मे छिंदवाडा हाईवे किनारे दूकान संचालित की जा रही है, वही ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से अहाता भी संचालित किया जा रहा है। जबकि प्रदेश मे अहाता पूर्ण रूप से बंद कर दिए गए है, इस तरह ठेकेदार द्वारा अवैध से दुनावा शराब दूकान का संचालन किया जा रहा है, ग्रामीणों ने अवैध रूप से संचालित शराब दूकान बंद किए जाने की मांग की है। आबकारी उपनिरीक्षक मुलताई राजेश बट्टी का कहना है कि दुनावा शराब दूकान संचालन मे अनियमितता किए जाने की जानकारी आपसे मिली है,एक लाइसेंस पर दो दूकान कैसे चल रही है,हम देख लेते है।

चोरी कर तेलंगाना भागा युवक, पीछे पहुंची पुलिस, आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। ग्रीनसिटी क्षेत्र में हुई लाखों की चोरी का खुलासा बुधवार को किया। इस मामले में एक आरोपी को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया है। 15 अप्रैल 2026 को ग्रीनसिटी सेक्टर-बी निवासी गोविंदराव मोकलकर ने गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। इस संबंध में गंज थाने में अपराध क्रमांक 97/26 के तहत धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीरज पाल ने इस टीम का नेतृत्व किया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर सोनू उइके (19), पिता करण उइके, निवासी ओझाढाना, गंज बैतूल की पहचान संदिग्ध के रूप में हुई। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी तेलंगाना के जागित्याल आम मंडी क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम तेलंगाना पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

ग्रामीण क्षेत्रों में नि :शुल्क योग प्रशिक्षण शुरू

बैतूल। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भारत भारती जामठी बैतूल द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 100 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह आयोजन संस्था के अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वहीं उपप्राचार्य डॉ. राजकुमार मिश्रा द्वारा इसकी रूपरेखा तैयार की गई है। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ.

हिमांशु मालवीय, इंटरनी गायत्री, साक्षी कदम, वैभव एवं चैतन्य सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षण शिविरों का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के तहत बैतूल नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही जिले के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर गांव-गांव योग का अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। यह निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 21 जून तक जिले के विभिन्न स्थानों पर निरंतर आयोजित किया जाएगा।

सेल्टिया हत्याकांड का इनामी आरोपी पुणे से गिरफ्तार

बैतूल। बोरदेही थाना क्षेत्र में हुए चर्चित सेल्टिया जलाशय हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस सनसनीखेज हत्याकांड के सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं। गौरतलब है कि 15 मई 2026 को ग्राम कारोपानी के समीप सेल्टिया जलाशय में एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। युवक का शव

पानी में औंधे मुंह पड़ा मिला था, जिसे एक भारी पेड़ के तने के नीचे दबाया गया था। मृतक की पहचान राजू उईके 22 निवासी ढाकरवाड़ी थाना नवेगांव जिला छिंदवाड़ा के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने और गंभीर चोटों के कारण हत्या की पुष्टि हुई थी। जांच में सामने आया था कि मजदूरी के पैसों के लेन-देन को लेकर मृतक और आरोपियों के बीच विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस जांच में पता चला था कि 13 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद राजू उईके आरोपियों के साथ मोटरसाइकिल से गया था, जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, पूछताछ के आधार पर 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रुपेश कवडे निवासी टुई ढाना सेल्टिया जिला छिंदवाड़ा, आयुष नर्रे निवासी बामला जिला बैतूल, तेजीलाल उईके निवासी ढाकरवाड़ी जिला छिंदवाड़ा और एक विधि-विरुद्ध बालक शामिल थे।

शुभारंभ मशीन जनजातीय बाहुल्य भीमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित की जाएगी

राज्यपाल ने किया सिकलसेल एवं थैलेसीमिया जांच मशीन गजेल का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

बैतूल, 20 मई. राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा बुधवार को भीमपुर में आयोजित राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 कार्यक्रम के दौरान अत्याधुनिक सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया जांच मशीन गजेल का शुभारंभ किया गया।

जांच प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी

विशेषज्ञों द्वारा मशीन की उपयोगिता की जानकार दी

यह मशीन जनजातीय बाहुल्य भीमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य

केंद्र पर स्थापित की जाएगी। नोडल अधिकारी सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन डॉ अंकिता सीते ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को बताया कि यह आधुनिक मशीन सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया जैसी आनुवांशिक रक्त संबंधी बीमारियों की त्वरित एवं सटीक जांच में सहायक होगी। मशीन के माध्यम से लगभग 10 मिनट में जांच परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे, जिससे समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। गजेल मशीन अत्याधुनिक त्वरित जांच तकनीक आधारित सुविधा है, जिसे भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से मान्यता प्राप्त है तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा अनुमोदित किया गया है। मशीन की सहायता से कम समय में अधिक मरीजों की जांच संभव होगी तथा डिजिटल एवं स्वचालित रिपोर्ट प्रणाली के माध्यम से जांच प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा मशीन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता की जानकारी भी दी जाएगी। यह पहल विशेष रूप से जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करेगी। समय पर पहचान, बेहतर उपचार और सुरक्षित भविष्य की अवधारणा के साथ यह आधुनिक स्वास्थ्य तकनीक जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके, उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग मंगल सिंह धुर्वे, आयुक्त नर्मदापुरम श्रीकांत बनोठ, पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में बंद रहे मेडिकल

बैतूल। ऑनलाइन फार्मेसी और कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दवाओं की कथित अनियंत्रित ऑनलाइन बिक्री के विरोध में बुधवार को बैतूल जिले के दवा विक्रेताओं ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया।

जिलेभर की 800 से अधिक मेडिकल दुकानें पूर्णत: बंद रहीं। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) एवं मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का जिले में व्यापक असर देखने को मिला। बैतूल जिला औषधि विक्रेता संघ के नेतृत्व में शहरी, और ग्रामीण क्षेत्रों के दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को

समर्थन दिया। दवा विक्रेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा बचत अपील का पालन करते हुए निजी वाहनों का उपयोग नहीं किया और रामकृष्ण बगिया से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला।

भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में दवा कारोबारी अनुशासित तरीके से रैली में शामिल हुए और ऑनलाइन फार्मेसी के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर दवा विक्रेताओं ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन पर सख्त कार्रवाई करने तथा दवा वितरण व्यवस्था के लिए स्पष्ट और कड़े नियम लागू करने की मांग की गई।